लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 228, पृष्ठ 14, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, सोमवार, 3 जुलाई 2023

www.amritvichar.com

PAGE NO :05 MIDDLE

एसआरएमएस में छह दिवसीय स्वास्थ्य मेला आज से

बरेली अमृत विचार : एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज अपना 21वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर एसआरएमएस में सोमवार से छह दिवसीय विशेष स्वास्थ्य मेला आयोजित होगा। निदेशक एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने बताया कि स्वास्थ्य मेला इस बार विशेष रूप से बुजुर्गों को समर्पित है। मेले में सुबह 9 से 2 बजे के बीच आने वाले बुजुर्गों को रजिस्ट्रेशन के साथ परामर्श भी निशुल्क मिलेगा। बुजुर्गों की शुगर, हीमोग्लोबिन, क्रिटिनिन, ईसीजी, एक्स-रे (चेस्ट), हड्डियों की जांच (बीएमडी), श्रवण शक्ति की जांच (ऑडियोमैट्री), पैप स्मियर, आंखों की जांच, मोतियाबिंद एवं ग्लूकोमा की स्क्रीनिंग निशुल्क की जाएगी। अन्य जांचों पर बुजुर्गों को 25 फीसद की छूट मिलेगी। निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित कराई जा रही है। इसमें प्रथम तीन विजेताओं को 5000, 3000 और 2000 रुपये का इनाम दिया जाएगा। पुरस्कार का वितरण 8 जुलाई को होगा।